# झाँसी पुलिस

## प्रेस नोट

## थाना-ककरबई,झाँसी

**दिनांक- 22.11.2026**

**मा0 न्यायालय द्वारा जारी आदेशिकाओं के अनुपालन में थाना ककरवई पुलिस द्वारा 02 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटियों को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी श्री विकास कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान एवं एनबीडब्ल्यू (NBW) वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु आयोजित एक दिवसीय विशेष अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ अरविन्द कुमार एवं क्षेत्राधिकारी गरौठा श्री पीयूष कुमार पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष श्री योगेन्द्र सिंह के नेतृत्व में थाना ककरवई पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाई की गई।

**घटना का संक्षिप्त विवरण:-**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद झाँसी के निर्देशानुसार दिनांक 22.11.2026 को माननीय न्यायालयों से वांछित एनबीडब्ल्यू (NBW) वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर पर एक दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया। उक्त अभियान को सफल बनाने एवं अधिक से अधिक वांछित एनबीडब्ल्यू वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया।

गठित पुलिस टीम द्वारा माननीय न्यायालय से जारी गैर-जमानती वारंट के अनुपालन में वांछित वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु सघन चेकिंग एवं दबिश की कार्यवाही की गई। इस दौरान एनबीडब्ल्यू के0नं0 617/19, अ0सं0 12/19, धारा 60(1) आबकारी अधिनियम, थाना ककरबई, जनपद झाँसी से संबंधित अभियुक्त लालाराम पुत्र मोतीलाल, उम्र करीब 55 वर्ष तथा एनबीडब्ल्यू के0नं0 2268/18, अ0सं0 45/18, धारा 60(1) आबकारी अधिनियम, थाना ककरबई, जनपद झाँसी से संबंधित वारंटी अभियुक्ता श्रीमती रीता कंजर पत्नी लालाराम, उम्र करीब 45 वर्ष, दोनों निवासीगण मलकाई कबूतरा डेरा, थाना ककरबई, जनपद झाँसी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार दोनों वारंटियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**वारण्टी का विवरण-**

1. लालाराम पुत्र मोतीलाल उम्र 55 वर्ष
2. श्रीमती रीता कंजर पत्नी लालाराम उम्र 45 वर्ष निवासीगण मलकाई कबूतरा डेरा थाना ककरबई जनपद झांसी

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम -**

1. उ0नि0 जयपाल सिंह, थाना ककरवई, जनपद झाँसी
2. का0 प्रकर्ष कुशवाहा, थाना ककरवई, जनपद झाँसी
3. म0का0 प्रिया, थाना ककरवई, जनपद झाँसी
4. म0का0 कीर्ति शर्मा, थाना ककरवई, जनपद झाँसी